# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक-नि०प्रा०/नि 5-05/2018 1346 /पटना, दिनांक 21/12/2018

प्रेषक,

गिरीश शंकर,
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी -सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)।
सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह-उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)।
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी-सह-निर्वाचन पदाधिकारी (प्र०म०स०स०)।

विषय : **प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन 2017 की निर्वाचन व्यय संबंधी लेखा निर्वाचन पदाधिकारी को विहित समय सीमा के अन्दर समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रेषण।**

महाशय,

प्राधिकार के पत्रांक 386 दिनांक 25.05.2017 द्वारा यह निदेश दिया गया था कि प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के अंदर प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा-जोखा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ प्रस्तुत कर देना है।

2. जिन अभ्यर्थियों ने विहित समय सीमा के अंदर अपने निर्वाचन व्यय का लेखा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ नहीं जमा कराया है, वैसे तमाम अभ्यर्थियों से निर्वाचन पदाधिकारी निम्न प्रपत्र में स्पष्टीकरण माँगेंगे।

" सेवा में

.............................

अपने...................... (मत्स्यजीवी सहयोग समिति का नाम) के गत निर्वाचन से संबंधित निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया है। अत: 15 दिनों के अन्दर सूचित करें कि बिहार निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा-9 के अधीन आपको निरर्हित करने के लिए आवश्यक कार्यवाई हेतु प्राधिकार को प्रतिवेदन क्यों नहीं भेज दिया जाय।

निर्वाचन पदाधिकारी"

3. ऐसे सभी अभ्यर्थियों की सूचना जिनसे प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है अथवा कोई स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, निम्न प्रपत्र में 31.01.2019 तक निर्वाचन पदाधिकारी निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करायेंगे। प्रपत्र के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी से प्राप्त स्पष्टीकरण भी (मूल में) संलग्न करेंगे।

विश्वासभाजन

(गिरीश शंकर)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

**प्रपत्र**

निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सूची

जिला: ..................... प्रखंड: .....................

| क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता | म०स०स० का नाम | किस पद के उम्मीदवार थे | अभ्यर्थी से प्राप्त स्पष्टीकरण की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |